# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),
220, सिविल लाइन्स, मेरठ–250001
e-mail: ee_ist_upjn_mrt@yahoo.co.in

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मेरठ।

विषयः– **दैनिक भास्कर में प्रकाशित "हस्तिनापुर के सैफपुर करमचंदपुर में घरों तक नही पहुँचा पानीः जल जीवन मिशन की सौर ऊर्जा आधारित टंकी बनी शोपीस" के सम्बन्ध में।**

पत्रांक : 1743 / वि-29 / 22 दिनांक : 12/05/2026

महोदय,

उपरोक्त विषयक जनपद मेरठ में दिनांक 12.05.2026 दैनिक भास्कर में प्रकाशित समाचार **हस्तिनापुर के सैफपुर करमचंदपुर में घरों तक नही पहुँचा पानीः जल जीवन मिशन की सौर ऊर्जा आधारित टंकी बनी शोपीस** के संदर्भ में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड हस्तिनापुर के ग्राम सैफपुर कर्मचन्दपुर पेयजल योजना के अंतर्गत जलकल परिसर, पाइप लाइन तथा पेयजल गृह संयोजन आदि समस्त कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। उक्त योजना सोलर आधारित है, किन्तु जलकल परिसर में वृक्ष खड़े होने के कारण सोलर अधिष्ठापन कार्य संभव नहीं हो पा रहा है। इन वृक्षों के पातन हेतु खण्ड स्तर से लगभग दो वर्ष पूर्व ही वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त करने के लिए अप्लाई किया जा चुका है, किन्तु अद्यतन उक्त वृक्षों के पातन की NOC नहीं मिली है तथा संबंधित अभियन्ताओं द्वारा वन विभाग से निरंतर संपर्क भी किया जा रहा है, किन्तु NOC न मिलने के कारण वन विभाग द्वारा वृक्षों का पातन नहीं कराया जा रहा है। फलस्वरूप, सोलर अधिष्ठापन का कार्य अद्यतन पूर्ण नहीं हुआ है। सोलर अधिष्ठान न होने के कारण योजना का संचालन प्रारंभ किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

अतः उपरोक्त आख्या महोदय को सादर सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

(अकांशु सिंह)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम,(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम,(ग्रामीण), मेरठ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,(ग्रामीण), मेरठ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ।

**अधिशासी अभियन्ता**